वर्ष-16 अंक-43 प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित अनूपपुर, 31 अक्टूबर से 06 नवम्बर 2024 मूल्य 2.00 पृष्ठ-8 epaper www.fatwasamachar.com

डाक पंजी SDL-0019/2025 RNI.MPHIN/2008/24599

शुभ दीपावली

# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास



## न्यूज ब्रीफ

### ब्रिक्स ग्रुप में शामिल होना चाहता है तुर्की, राह में रोड़ा बन रहा चीन



**नई दिल्ली।** तुर्की की ब्रिक्स ग्रुप में शामिल होने की इच्छा को लेकर अटकलें और कारण सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन ने तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता की राह में मुस्लिम मुद्दों के कारण बाधा डाल दी है, जबकि भारत ने पाकिस्तान से जुड़े विवादों को देखते हुए तुर्की का समर्थन नहीं किया है।


दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ने बताया कि चीन में उइघुर मुस्लिमों की बड़ी संख्या है, जो मुख्यत: शिंजियांग प्रांत में रहते हैं। इनकी तुर्की से सांस्कृतिक और भाषाई समानता है, जो तुर्की और चीन के बीच तनाव का कारण है। तुर्की अक्सर चीन में उइघुर मुस्लिमों के साथ हो रहे ।

### उद्धव को झटका, उम्मीदवार तनवानी ने नाम लिया वापस, शिंदे गुट को दिया समर्थन



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे को झटका लगा है, संभाजीनगर सेंट्रल से उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) पार्टी के उम्मीदवार किशनचंद तनवानी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है और सीएम एकनाथ शिंदे गुट को समर्थन देने की घोषणा की है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले इस घटनाक्रम ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है।किशनचंद तनवानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नामांकन वापस लेने की घोषणा की। उनका कहना है कि इस बार महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की हार निश्चित है। तनवानी ने अपनी नामांकन रैली भी रद्द कर दी थी, जिसका कारण भीड़ के कारण बाजार में असुविधा होना

### जब यात्री के चलते विमान की उड़ान में हुई देर, एयरपोर्ट पर फैली सनसनी



**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से मुंबई एयरपोर्ट समेत कई एयरपोर्ट पर धमकियां मिल रही हैं। एक तरफ यह संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है, तो दूसरी ओर एक और अजीब बात के कारण देश के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे मुंबई एयरपोर्ट पर सनसनी पैदा हो गई। इसके चलते कुछ देर तक विमान की उड़ान को रोकना पड़ गया। यह स्थिति मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से श्रीनगर की ओर निकले एक यात्री की वजह से पैदा हुई। जिसके चलते रविवार को करीब डेढ़ घंटे तक विमान की उड़ान रोक दी गई। दरअसल उच्च रक्तचाप के कारण उक्त यात्री को हवाई यात्रा नहीं करने की बात कही गई। जिसके बाद यात्री ने अजीब तर्क देना शुरू कर दिया और कहा कि विमान खुद आसमान में नहीं उड़ेगा।

### बॉलीवुड स्टार सलमान खान और एमएलए जीशान को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**मुंबई।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान और विधायक जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी गुरफान को यूपी पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गुरफान पर आरोप है कि उसने दोनों हस्तियों को धमकी भरे संदेश भेजे थे, जिसके बाद मामला गंभीर हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुरफान ने सलमान खान और जीशान को धमकी दी थी, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। सलमान को अतीत में भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं और इस बार भी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। मुंबई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपनी टीम को नोएडा भेजा। गुरफान की गिरफ्तारी नोएडा के सेक्टर 39 थाना क्षेत्र से की गई है।

### आयुर्वेद चिकित्सक 65 वर्ष तक दे सकेंगे शासकीय सेवा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# धनतेरस समृद्धि एवं स्वास्थ्य का है संगम : प्रधानमंत्री श्री मोदी

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने म.प्र. के 3 मेडिकल कॉलेज एवं 5 नर्सिंग कॉलेज का किया वर्चुअल लोकार्पण**

**गरीबों का जीवन बचाना हमारी पहली प्राथमिकता**

**81 लाख किसानों के खातों में 1624 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित**

**512 नवनियुक्त आयुर्वेद चिकित्सकों को मिले नियुक्ति-पत्र**

**मंदसौर-नीमच में होगी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव**

**मुख्यमंत्री ने मंदसौर को दी 167 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात**




**संवाददाता > भोपाल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली से मध्यप्रदेश को 3 नर्सिंग मेडिकल और 5 नर्सिंग कॉलेज की सौगात दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के नीमच, मंदसौर और सिवनी के मेडिकल कॉलेज वर्चुअली लोकार्पण एवं शिवपुरी, राजगढ़, रतलाम, धार और खण्डवा के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों का का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर के 100 बिस्तरीय अस्पताल के साथ एम्स भोपाल के कौटिल्य भवन प्रशासकीय खण्ड का वर्चुअली लोकार्पण भी किया। धनवंतरि जयंति पर मंदसौर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में 512 नवुनियुक्त आयुर्वेद चिकित्सकों को वर्चुअली नियुक्ति-पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में प्रदेश के 81 लाख किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 1624 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर जिले में 167 करोड़ रूपये के 11 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंदसौर और नीमच में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण होने से इस दिवाली को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की धनतेरस समृद्धि और स्वास्थ्य का संगम है। यह भारत की संस्कृति और जीवन के दर्शन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आयुर्वेद के प्रति बढ़ते आकर्षण और भारत की प्राचीन धरोहर के प्रतीक दुनिया की रूचि का प्रमाण है कि आज 150 से अधिक देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले दशक में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नये अध्याय की शुरूआत देखी है। जिसने आयुर्वेद के ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़ा गया है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान इस अध्याय का केन्द्र बिन्दु रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने जनता के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है क्योकि एक राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य से संबद्ध होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल, बीमारी का शीघ्र पता लगाना, जनता को निःशुल्क और सस्ती दवाईयाँ उपलब्ध कराना, छोटे-छोटे शहरों में डॉक्टरों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करना और स्वास्थ्य सेवाओं के तकनीकी विस्तार पर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज देश में स्वास्थ्य संबंधी किये गये लोकार्पण और भूमि-पूजन में इनकी झलक स्पष्ट दिखाई देती है। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को समग्र स्वास्थ्य के रूप में देख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने सही मायने में आज दिवाली मनाई है। प्रदेश को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 3 मेडिकल कॉलेज, पाँच नर्सिंग कॉलेज के साथ इंदौर में 100 बिस्तरीय अस्पताल और भोपाल के प्रशासनिक खण्ड का लोकार्पण कर महत्वपूर्ण सौगात दी है। आम व्यक्ति के जीवन को आसान बनाने के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा निरंतर देश और प्रदेशवासियों को मार्गदर्शन के साथ सौगात निरंतर मिलती रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिये सरकार दृढ़ संकल्पित होकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में वित्तीय वर्ष की दूसरी किश्त में मिलें 1642 करोड़ रूपये

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में प्रदेश के 81 लाख किसानों के खातों में वर्तमान वित्तीय वर्ष की द्वितीय किश्त की 1624 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इसमें मन्दसौर जिले के 2 लाख 991 किसानों को 40 करोड़ 19 लाख 82 हजार रूपये मिले है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्थानीय कृषकों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन्दसौर के किसान श्री गोपाल राठौर एवं श्री शंभू सिंह को मुख्यमंत्री ने किसान सम्मान निधि का चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदसौर, नीमच जिले औषधि की खेती के लिये जाने जाते है। आगामी समय में मंदसौर-नीमच में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराई जाएगी। इससे क्षेत्र में यहां की आवश्यकताओं के अनुरूप उद्योगों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा। साथ ही औषधि, उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में मन से मंदसौर वेबसाइट लांन्च की। इस वेबसाइट से मंदसौर जिले का कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति जुड़कर आवश्यक सहायता प्राप्?त कर सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों से भेंट कर उन्हें पटाखे वितरित किये। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के फ्रंटलाईन वर्कर से मिलकर उपहार भेंट किये। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को वाईट कोर्ट भी पहनायें। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार सहित विधायक, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक एवं किसान बन्धु उपस्थित थे।

इसी का परिणाम है कि प्रदेश में निरंतर मेडिकल कॉलेज की संख्या में वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब का जीवन बचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विकास हो रहा है। सरकार गरीब व्यक्ति को भी त्वरित समुचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने पीएमश्री एयर एम्बुलेंस योजना प्रारंभ की है। इसका लाभ नियमित रूप से जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है।

### राजस्थान सरकार अच्छी योजना

## पाकिस्तानी हिंदू बच्चों की मदद करेगी राजस्थान सरकार

**एजेंसी > नई दिल्ली**



पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए राजस्थान सरकार एक योजना लेकर आ रही है। राज्य की भाजपा सरकार इनके बच्चों की शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप देने जा रही है। राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई हिंदू शरणार्थी विद्यार्थी कल्याण छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य के मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 6 से 12 तक के हिंदू शरणार्थी बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। बता दें कि राजस्थान में बड़ी संख्या में पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं, जिनमें से कई को भारत की नागरिकता भी मिल चुकी है। यह पहल ऐसे परिवारों को शिक्षा के क्षेत्र में सहायता देकर सशक्त बनाने का प्रयास है। रिपोट्र्स के अनुसार, राजस्थान में लगभग 35,000 से 40,000 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी रह रहे हैं। इनमें से करीब 15,000 से 20,000 लोगों को भारतीय नागरिकता भी भी नागरिकता मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### कोर्ट ने कहा- और दस्तावेज पेश करें

## यूट्यूबर फेलिक्स जेराल्ड ने पुलिस से मांगा 1 करोड़ का मुआवजा

**एजेंसी > नई दिल्ली**

यूट्यूबर फेलिक्स जेराल्ड ने तमिलनाडु पुलिस पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर आरोप लगाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में 1 करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा है। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिया, जिसमें उनके अधिकारों का हनन हुआ है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए जेराल्ड को उनके दावे के समर्थन में और दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।जेराल्ड का दावा है कि 10 मई की रात करीब 11 बजे, जब वे दिल्ली में थे, तो उन्हें अज्ञात लोगों ने जबरन उठा लिया, जो बाद में तमिलनाडु पुलिस के अधिकारी निकले।

### बच्चे, युवा, खिलाड़ी, आम नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से एकता दौड़ में लिया भाग

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित एकता दौड़ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दौड़ में हुई शामिल

**एजेंसी > गौरेला पेंड्रा मरवाही,**

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) में बच्चे, युवा, खिलाड़ी, आम नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। एकता दौड़ पुलिस कण्ट्रोल रूम गौरेला से प्रारंभ होकर ज्योतिपुर चौंक से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुआ। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया और दौड़ में शामिल हुई। उन्होंने कलेक्ट्रेट में आयोजित समापन कार्यक्रम में धावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की




जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए एकता दिवस का आयोजन 29 अक्टूबर को किया गया। कलेक्टर ने एकता दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों सहित सभी धावकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विजेताओं को 5 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। एकता दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजेश मरावी, द्वितीय स्थान सागर केंवट एवं तृतीय स्थान पर अरूण यादव रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर मनीषा मरावी, द्वितीय स्थान पर यमुना नेताम एवं तृतीय स्थान पर आशा मरावी रही।

संपादकीय

# अग्नि परीक्षा का दौर

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली 'अग्नि परीक्षा' नवम्बर माह में दो प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र व झारखण्ड के विधान सभा चुनावों के साथ होने जा रही है। पूरे देश पर 'चक्रवर्ती' सम्राट के सुनहरें सपने देखने वाली, भारतीय जनता पार्टी फिलहाल तो काफी बढ़- चढ़कर नित नए दावे कर रही है, किंतु साथ ही वह यह भी जानती है कि उसकी 'दुखती नब्ज' कहां है और उसका इलाज किसके पास है? मोदी जी की इस अग्नि परीक्षा का फैसला नवम्बर में ही होने वाला है, इस अग्नि परीक्षा में खरी उतरने के बाद भारतीय जनता पार्टी निकट भविष्य में चुनाव होने वाले राज्यों के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगी और तभी मोदी जी के व्यक्तित्व का असर भी नजर आएगा। वैसे राजनीतिक पण्डित पिछले लोकसभा चुनावों को ही मोदी जी की लोकप्रियता का 'थर्मामीटर' मानकर चल रहे है, जिसमें यह स्पष्ट हो गया कि पहली बार प्रधानमंत्री बनते समय जो उन्हें लोकप्रियता के आधार पर बहुमत मिला था, वह दूसरे और तीसरे चुनाव में नही मिल पाया, अब जबकि वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने है, तब उन्हें दूसरे छोटे-मोटे दलों की बैसाखियों का सहारा लेना पड़ा। भाजपा को लोकसभा में स्पष्ट बहुमत नही मिल पाया, जबकि वे नेहरू व इंदिरा जी से अपनी तुलना करते कई बार नजर आए है, आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने करीब सत्रह साल प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था और उनके बाद उनकी बेटी इंदिरा जी ने भी करीब-करीब इतने ही समय देश पर राज किया, दोनों की मौत प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए ही हुई, नेहरू जी को 'ब्रेन हेमरेज' हुआ और इंदिरा जी की हत्या हुई, किंतु इतना अर्सा गुजर जाने के बाद आज भी इन दोनों के शासनकाल को याद किया जाता है। अब हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी भी वही सपना देख रहे है, जबकि वे जानते है कि अब न तो नेहरू-इंदिरा के समय की राजनीति रही और न ही नेता के प्रति उतना समर्पण भाव, आज की राजनीति से 'जनसेवा' का पूरी तरह लोप हो चुका है और आज की राजनीति का एकमात्र लक्ष्य 'सत्ता' और 'कुर्सी' हो गया है, इस स्थिति के लिए अकेली राजनीति ही दोषी नही है, इसके लिए मतदाता भी जिम्मेदार है, जिसमें आज न देशभक्ति, न सेवा का भाव शेष रहा है और न ही राष्ट्रप्रेम का कोई अंश, कहने का तात्पर्य यह कि आज की राजनीति-राजनेता और उन्हें नेता बनाने वाली जनता भी भरोसे के लायक नही रही है, अर्थात् आज हर कहीं राजनीति ही हावी हो गई है।*

## चिंतन-मनन

### खुद तय करें कि अगले जन्म में क्या बनेंगे

अगले जन्म में आप धनवान बनेंगे या गरीब, एक्टर बनेंगे या डॉक्टर यह सब आप पर निर्भर है। हो सकता है कि आप इस पर यकीन न करें लेकिन सच यही है। इसका प्रमाण है श्रीमद्भगवत् गीता। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि आत्मा अमर है। एक शरीर को छोड़कर आत्मा दूसरा शरीर धारण कर लेती है। अर्जुन को समझाते हुए श्री कृष्ण ने कहा है कि ऐसा कोई समय नहीं है जब तुम और मैं नहीं थे। आने वाला ऐसा कोई समय नहीं है जब हम और तुम नहीं होंगे। भगवान प्रत्यक्ष रूप से कहते हैं आत्मा निरंतर एक शरीर से दूसरे शरीर में पहुंचकर अपनी यात्रा जारी रखती है। यानी आप चाहें या न चाहें आपको अगल जन्म लेना है। आपके हाथ में बस इतना है कि आप अगले जन्म में खुद को किस रूप में देखना चाहते हैं यह तय करें। आप कहेंगे कि जब हम खुद ही तय कर सकते हैं कि हमें अगले जन्म में क्या बनना है तो हर व्यक्ति धनवान और सुखी होता है। लेकिन इस दुनियां में गरीब भी हैं और दुखी भी हैं। श्रीमद्भगवत् गीता में इस प्रश्न का भी उत्तर है। गीता के अष्टम में अध्याय में लिखा है, श्री कृष्ण अर्जुन से कहते है ''यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्। तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद् भावभावित- इसका अर्थ है,।

## विचार

# नरक चतुर्दशीः यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व

**योगेश कुमार गोयल)**
**लेखक**




भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरु हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी।

यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।

> नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था।

यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं।

## विचार

# जीवन में ज्ञान का दीपक जलाना ही असली दिवाली!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक**



दिवाली हमेशा से अमावस्या के दिन ही मनाई जाती है। 31 अक्टूबर यानी गुरूवार को अमावस्था तिथि दिन में 2 बजकर 40 मिनट से लग रही है। इस कारण दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी।दिवाली के त्योहार पर रात्रि में अमावस्या तिथि होनी चाहिए जो कि 1 नवंबर 2024 को शाम के समय नहीं है। ऐसे में दिवाली का त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। दिवाली के दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है।इस बार लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त 31 अक्टूबर 2024 को शाम 5 बजे से लेकर रात के 10 बजकर 30 मिनट तक है।दिवाली पर लक्ष्मी पूजन हमेशा अमावस्या तिथि के रहने पर और प्रदोष काल यानी सूर्यास्त के बाद से लेकर देर रात तक करने का विधान होता है यानी अमावस्या तिथि, प्रदोष काल और निशिताकाल के मुहूर्त में दिवाली मनाना शुभ माना गया है। जिस दिन कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि रहें तो प्रदोष काल से लेकर आधी रात को लक्ष्मी पूजन करना और दिवाली मनाना ज्यादा शुभ व शास्त्र सम्मत रहता है। मां लक्ष्मी का प्रादुर्भाव प्रदोष काल में ही हुआ था, जिसके चलते निशीथ काल में मां लक्ष्मी की पूजा और उनसे जुड़े सभी तरह की साधनाएं आदि करना विशेष महत्व का होता है। स्थिर लग्न में मां लक्ष्मी का पूजन करने से महालक्ष्मी स्थिर रहती हैं। ऐसे में दिवाली पर प्रदोष काल में पड़ने वाले वृषभ लग्न में ही महालक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन करना अति उत्तम रहेगा। पंचांग के अनुसार 31 अक्तूबर को वृषभ लग्न शाम को 6:25 से लेकर रात्रि 8:20 तक रहेगा। साथ ही इस समय प्रदोष काल भी मिल जाएगा। प्रदोषकाल, वृषभ लग्न और चौघड़ियां का ध्यान रखते हुए लक्ष्मी पूजन के लिए 31 अक्तूबर की शाम को 06:25 से लेकर 7:13 के बीच का समय सर्वोत्तम रहेगा। कुल मिलाकर 48 मिनट का यह मुहूर्त लक्ष्मी पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा।

दिवाली की तैयारियां कई दिनों पहले से की जा रही है। दिवाली पर पूरे घर की साफ सफाई के साथ ही घर को दीयों और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया जाता है। हर वर्ष दीपोत्सव का पर्व 5 दिनों तक धनतरेस से शुरू होकर नरक चतुर्दशी यानि छोटी दिवाली , बड़ी दिवाली, गोवर्धन पूजा और अंत मे भाई दूज पर्व के रूप में मनाया जाता है। जब

> नेपाल में यह त्योहार इसलिए महान है क्योंकि इस दिन से नेपाल संवत में नया वर्ष शुरू होता है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। स्वामी रामतीर्थ ने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय ओम कहते हुए समाधि ले ली थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारतीय संस्कृति के महान जननायक बनकर दीपावली के दिन अजमेर के निकट अपने प्राण त्याग दिये थे। हिंदुओं में इस दिन लक्ष्मी के पूजन का विशेष विधान है। रात्रि के समय प्रत्येक घर में देवी मातेश्वरी सरस्वती देवी की पूजा-आराधना की जाती है।

भगवान राम चौदह वर्ष का वनवास काटकर तथा असुरी वृत्तियों के प्रतीक रावणादि का संहार करके अयोध्या लौटे थे,तब अयोध्यावासियों ने राम के राज्यारोहण पर दीपमालाएं जलाकर महोत्सव मनाया था। इसीलिए दिवाली हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। कृष्ण भक्तिधारा के लोगों का मत है कि इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारी राजा नरकासुर का वध किया था। इस नृशंस राक्षस के वध से जनता में अपार हर्ष फैल गया और प्रसन्नता से भरे लोगों ने घी के दीप जलाए। वही इसी दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह रुप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए।जैन मत के अनुसार चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी दीपावली को ही पड़ता है। सिक्खों के लिए भी दिवाली महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन ही अमृतसर में सन 1577 में स्वर्ण मन्दिर का शिलान्यास हुआ था। इसके अलावा सन1619 में दीवाली के दिन सिक्खों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को जेल से रिहा किया गया था।

नेपाल में यह त्योहार इसलिए महान है क्योंकि इस दिन से नेपाल संवत में नया वर्ष शुरू होता है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। स्वामी रामतीर्थ ने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय ओम कहते हुए समाधि ले ली थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारतीय संस्कृति के महान जननायक बनकर दीपावली के दिन अजमेर के निकट अपने प्राण त्याग दिये थे। हिंदुओं में इस दिन लक्ष्मी के पूजन का विशेष विधान है। रात्रि के समय प्रत्येक घर में धनधान्य की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मीजी,विघ्न-विनाशक गणेश जी और विद्या एवं कला की देवी मातेश्वरी सरस्वती देवी की पूजा-आराधना की जाती है।

ब्रह्मपुराण के अनुसार कार्तिक अमावस्या की इस अंधेरी रात्रि अर्थात अर्धरात्रि में महालक्ष्मी स्वयं भूलोक में आती हैं और प्रत्येक सद्गृहस्थ के घर में विचरण करती हैं। जो घर हर प्रकार से स्वच्छ, शुद्ध और सुंदर तरीके से सुसज्जित और प्रकाशयुक्त होता है वहां अंश रूप में ठहर जाती हैं और गंदे स्थानों की तरफ देखती भी नहीं।

इसलिए इस दिन घर-बाहर को खूब साफ-सुथरा करके सजाया-संवारा जाता है। कहा जाता है कि दिवाली मनाने से लक्ष्मीजी प्रसन्न होकर स्थायी रूप से सदगृहस्थों के घर निवास करती हैं।त्योहारों का जो वातावरण धनतेरस से प्रारम्भ होता है,वह दिवाली के दिन यह पर्व श्रखंला पूरे चरम पर होती है। यह पर्व अलग-अलग नाम और विधानों से पूरी दुनिया में मनाया जाता है।वजयश्री युक्त कार्य हुए हैं।

## नजरिया

# साबरमती आश्रम में अविस्मणीय सुःखद पल- खबरीलाल

**विनोद तकियावाला/**
**-लेखक**

धन्य-धन्य वह घरा जहाँ देश को जन्म भुमि अर्थात माँ का स्थान दिया है।जिसकी उपमा स्वर्ग से बड़ कर दिया जाता है।वह अपना देश भारत है।जिसे भारत माता कहा जाता है। तभी इस पर राम कृष्ण नानक बुद्ध गाँधी,भगत वआजाद समेत कई क्रान्ति कारीयों लिया।आज एक ऐसे संत महात्मा के जीवन से जुडी ही स्थली का साक्षी बन गए है। जिसकी मुझे वर्षो से इंतजार था।दिल्ली से अहमदाबाद के इंडिगो एयरलाइंस के प्लाईट पूर्व निधार्रित समय से उड़ान अपने सहयोगी मीडिया मित्र मण्डली के संग सुखःद यात्रा के करने स्वर्णिम अवसर मिल रहा है।इस यात्रा वृत्तान्त में हमारी कोशिस रहेगी कि आप को जमीनी हकीकत से वाकिफ कराया जाए।आज को बता दे कि कल यानि 28 अक्तुबर 24 को माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी अमरेली जिले के लाटी नामक जगह से भुज-नाली में वीडियो कान्फेंस के माध्यम से लगभग 11000 करोड़ की लागत वाली नई रेल




लाईन विकाश परियोजनाओं की आधार शिला व लोकापर्ण करने वाले है।इस स्वर्णिम पल के साक्षी बनने के कुछ चिर परिचित तो कुछ अर्द्ध परिचित मीडिया मित्रों के संग रेल मंत्रालय के अधिकारी भी शरीक ताकि मीडिया कर्मी व स्थानीय रेलवे के संग समांजस्य स्थापित करने रेलवे बोर्ड मुख्यालय के प्रतिनिधि कर रयुवा अधिकारी कुबर जी,जो काफी सरल,सहज व सुलझे व्यक्ति थें। इस मध्य में इंडिगो की विमान परिचायिका व उद्घोषिका द्वारा यात्रा के दिशा निर्देश दी जा रही है।मेरी विमान-हवाई पटी पर अपनी उड़ान भर नें को बिलकुल तैयार है।शैनः शैनः अपनी रणवे पर गति पलक झपकते ही पकड़ ले हमें तब अहसास होता इसी बीच कुछ अजीब से आवाज आ रही है।मेरे चेहरे की लकीरें को भापते हुए बगल में बैठे सहयात्री शयाद वह कोई एन आर आई थी,उसके स्वर में अंग्रेजों जैसी थी,उन्होंने यु टॉक सम साउण्ड,यु टेल एयर होस्टेस,खैर इतनें में हमारी विमान नीले आसमान में उमड़-घुमड़ बादल को चीरते हुए हवाओं से गल बादी करते जमीन से हजारो मीटर दुर निकल गया था, तभी मेरे अगले सीटे-कई मीडिया मित्र इसी विमान में यात्रा कर रहे थें इतने में नीले अम्बर के नयनाविराम दृश्य को अपने मन मस्तिक में अंकित हो गया।मै भी विमान के साथ हवा,नीले आसमान से कुछ मौन स्वर में मुखातिब हो रहे थें तभी मेरे मि0 सिंह-मेरे कानों मधुर स्वर पड़े,वह स्वर विमान परिचायिक थी इंडिगो एयरलाइंस की सौजन्य से अल्पाहार देना चाह रही थी,जिसकी मुझे इस वक्त सक्त जररूत थी।मै सुस्वादिष्ट अल्पाहार का आनंद लेते हुए।अपने सहयात्री की क्रियाकलाप पर अपने स्वाभाव के मुताबिक पैनी निगाह रखे हुए थे।कुछ पल बाद ही पुनः विमान परिचायिका के सु मधुर स्वर सुनाई आपकी यात्रा मंगलमय हो कुछ पल हम विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उतर ने वाला है। कुछ मिनट अहमदावाद - सरदार वल्लभ भाई पटेल हवाई अड्डे से बाहर निकल ही थें।आगे के कार्यक्रम का संचालन हेतू वेर्स्टन रेलवे मुख्यालय मुम्बई के युवा अधिकारी सुनील सिंह प्रियंका व संदीप जी 6 कारों की कफिला के साथ गर्म जोशी से स्वागत करने के लिए तत्पर थें , हवाई अडडे से औपचारिक परिचय के हम सभी होटल के अल्पविराम व दोपहर की गुजराती व्यंजन के आनंद के बाद स्थानीय भ्रमण व दर्शन के गाँधी जी के शहर जो सादगी व शांति का प्रतीक बन गया जिसकी ख्याति भारत ही वरन सम्पूर्ण विश्व में अपनी पहचान का परचम लहराया है।संध्याकालीन नगर भ्रमण व दर्शन सावरमती नदी के दो तटों पर बसी अहमदाबाद की विकाश की गाथा गा रही थी।।

# किंगफिशर मल्टीप्लेक्स में रिलीज हुई मूवी समर

## मंडला के स्थानीय कलाकारों की फिल्म देख झूम उठे दर्शक



मंडला। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती ऐसा ही कारनामा जिले के कलाकारों ने कर दिखाया स्वयं के दम पर फिल्म बना डाली स्थानीय युवा कलाकारों द्वारा निर्मित मूवी समर किंगफिशर मल्टीप्लेक्स के बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई। फिल्म के प्रीमियर के पहले बड़ी संख्या में लोग फिल्म देखने पहुंचे। मंडला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद कछवाहा व वेदप्रकाश गोल्डी कुलस्ते ने मूवी के प्रीमियर के पहले कलाकारों का स्वागत किया। किंगफिशर बॉक्स ऑफिस के सामने ढोल ताशे के साथ फिल्म की पूरी कास्ट का जोरदार स्वागत किया गया। फिल्म के शौकीन बड़ी संख्या में मंडला के कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्म को बड़े पर्दे में देखने के लिए काफी उत्सुक नजर आए। संभवत: मंडला के लिए यह पहला मौका था जब स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत ही सीमित संसाधनों पर स्थानीय लोकेशन में ही इस पूरी फिल्म को जीरो बजट में शूट किया गया। फिल्म की शुरुआत तो लॉकडाउन में हुई थी लेकिन इसके विभिन्न तकनीकी पहलुओं में काम होने के बाद इसे शुक्रवार को किंगफिशर मल्टीप्लेक्स में रिलीज कर दिया गया। जैसे ही फिल्म शुरू हुई दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। ड्रग्स माफिया के खिलाफ बनी इस फिल्म के दौरान जैसे ही किसी नए कलाकार का दृश्य पर्दे पर आता लोग तालियां बजाने लगते। मंडला में यह पहला मौका था जब इस तरह बड़े पर्दे पर किसी फिल्म का प्रीमियर हुआ हो और वह भी स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित और पूरी तरह स्थानीय लोकेशन पर ही सूट की गई हो। फिल्म देखने के बाद दर्शकों द्वारा इसे लेकर काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। इस प्रीमियर के दौरान फिल्म से जुड़े सभी सदस्य अपने अभिभावकों के साथ मौजूद थे। खुद को बड़े पर्दे पर देख कर वह भी काफी रोमांचित नजर आए। इस फिल्म में बतौर अभिनेता आयुष उपाध्याय, गार्गी मोदी, दिविता सीरवानी, संजू नंदा, सौरभ नंदा, मधुरेश ज्योतिषी, संजय यादव, द्वारका साहू, सनिल ताम्रकार शामिल थे। फिल्म का निर्देशक एवं संपादक आयुष उपाध्याय ने किया है। फिल्म के सिनेमैटोग्राफर सुधांशु गौर, लेखक - आयुष उपाध्याय, सार्थक चौबे, संगीत विवेक क्षत्री, अमान खान, मिक्सिंग मास्टरिंग अमान खान ने किया। संगीतकार जॉय अर्नेस्ट और गीतकार सार्थक चौबे है। गीतों को आवाज़ आयुष उपाध्याय और गार्गी मोदी ने दी है। फिल्म के मुख्य किरदार आयुष उपाध्याय ने कहा कि मेरा हमेशा से ही सपना था खुद को बड़े पर्दे पर देखने का वह आज पूरा हुआ है। सबसे खास बात यह थी कि अपने शहर में, अपने ही लोगों के बीच, अपने साथियों के बीच, अपने आप को देखा और सबको देखा। मेरे लिए सबसे गर्व की बात यह है कि सिर्फ मैं मैं नहीं था। मेरे जितने साथी है सभी को मैं बड़े पर्दे पर लाया और मुझे लगता है ।


दीपावली के पावन अवसर पर
आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

दिलीप जायसवाल
विधायक कोतमा एवं राज्यमंत्री
मध्य प्रदेश शासन भोपाल


दीपावली के पावन अवसर पर क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामखेलावन राठौर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनूपपुर


धनतेरस एवं दीपावली के पावन अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामदास पुरी
जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर

दीपावली के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

राम अवध सिंह भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष अनूपपुर एवं जिला योजना समिति सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष पसान जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

दीपावली के पावन अवसर पर आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जय प्रकाश अग्रवाल
भारतीय जनता पार्टी नेता अनूपपुर

दीपावली के पावन अवसर पर क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश पटेल ठेकेदार
भाजपा नेता अनूपपुर

दीपावली के पावन अवसर पर क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
लोक निर्माण विभाग
मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी

समस्त देशवासियों एवं जिलेवाशियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई
सर्व शिक्षा अभियान डीपीसी कार्यालय जिला उमरिया
डीपीसी अधिकारी
श्री संजय सिंह एवं समस्त डीपीसी कार्यालय स्टाफ की तरफ से

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया जी की ओर से समस्त देशवासी एवं जिले वासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला उमरिया
पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू

शुभ दीपावली!
आप सभी को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुशवाहा
वरिष्ठ पत्रकार ओरछा


वन मंडल जिला उमरिया
नरोजाबाद वन परिक्षेत्र अधिकारी पियूष त्रिपाठी की तरफ से समस्त जिले वासी एवं देशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

जिला चिकित्सालय उमरिया
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
तथा
सिविल सर्जन डॉक्टर के सी सोनी की तरफ से समस्त जिलेवासी एवं देशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई हार्दिक शुभकामनाएं

वन मंडल जिला उमरिया
चंदिया वन परिषद अधिकारी रवि पांडे की तरफ से समस्त जिले वासी एवं देशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

न्यूज ब्रीफ

## दीपोत्सव के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बनाई सतरंगी रंगोली

ग्वालियर। दीपोत्सव के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अगुआई में गायक कलाकार मित्र समूह ने मनमोहक रंगोली बनाई। स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एवं कमाण्ड सेंटर परिसर में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने रंगोली बनाने की शुरूआत की और शहरवासियों को मिलजुलकर और आपसी भाईचारे के साथ रोशनी का पर्व मनाने का संदेश दिया। भारतीय संस्कृति में पवित्र त्यौहारों एवं शुभ कार्यों के अवसर पर रंगोली बनाने की परंपरा सदियों से रची-बसी है। इसी भावना के अनुरूप गायक कलाकार मित्र समूह ने विशाल एवं मनमोहक रंगोली बनाई। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने रंगोली में भाग लेकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। रंगोली के सृजन में गायक कलाकार मित्र समूह के सदस्यगण अनुराधा घोड़के, डॉ. नीतू प्रसाद, हर्षदा गोखले, हर्षिका दुबे, अर्चना चौधरी, इंद्राणी दोहरे, डॉ. अर्चना दुबे, अमित गवाल्हेरकर, मोहिनी माहुलिकर का योगदान रहा। कार्यक्रम की परिकल्पना श्री सुरेश घोड़के की थी।

## ग्वालियर में भी 29 अक्टूबर को होगा रन फॉर यूनिट का आयोजन

ग्वालियर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती ग्वालियर जिले में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में 29 अक्टूबर को सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा। साथ ही देश की एकता, अखण्डता व सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई जाएगी। रन फ़ॉर यूनिटी प्रातः 9 बजे कंपू स्थित जिला खेल परिसर से शुरू होगी, जो कम्पू थाना, केआरजी कॉलेज, नया बाजार, माधव डिस्पेंसरी रोड, शीतला सहाय चौराहा व आमखो बस स्टैंड होते हुए वापस कम्पू खेल परिसर पहुँचेगी।दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आह्वान पर 31 अक्टूबर को रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन हो रहा है। ग्वालियर में रन फ़ॉर यूनिटी के आयोजन में स्थानीयलाड़ी, युवा एवं गणमान्य नागरिक भाग लेंगे।

## गनरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को जागरूक करने प्रचार रथ रवाना



### कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिखाई हरी झण्डी

**ग्वालियर।** फसल अवशेष (नरवाई) प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी एवं किसान कल्याण व कृषि विकास विभाग द्वारा जिले में जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर इस रथ को ग्रामीण अंचल के लिये रवाना किया। ह रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में जाकर किसानों को नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसान और इसके प्रबंधन से होने वाले फायदों के बारे में जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से किसानों को बताया जायेगा कि नरवाई जलाने से प्रदूषण फैलता है। साथ ही मिट्टी की सेहत भी खराब होती है।

### सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग, पकड़ाया वाहन चोर

# कई दिन से मुरार इलाका था टारगेट; 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था

### ग्वालियर की मुरार और महाराजपुरा पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन चोर को पकड़ा

फतवा ➤ ग्वालियर

ग्वालियर की मुरार और महाराजपुरा पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन चोर को पकड़ा है। उसके पास से चोरी की गई दो एक्टिवा और एक बाइक बरामद की गई है।पुलिस को आरोपी का सुराग बाजार में लगातार वाहन चोरी जाने के बाद जन भागीदारी से लगाए कैमरों के फुटेज से मिला। आरोपी 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था।मुरार थाने के टीआई मदन मोहन मालवीय ने बताया कि कुछ दिन से सीसीटीवी फुटेज को पुलिस ने अपने मुखबिरों के बीच में पहुंचाया। पता चला कि चोरी करने वाला नरेंद्र उर्फ संडू कुशवाह निवासी सुरैयापुरा है। पुलिस जब उसकी तलाश में उसके घर पहुंची, तो वह गायब मिला।

#### महाराजपुरा पुलिस ने किया पीछा, मुरार पुलिस ने पकड़ा

सोमवार को नरेंद्र महाराजपुरा इलाके में चोरी करने के लिए पहुंचा। यहां आरक्षक ध्रुव गुर्जर, भीकम सिंह और जसवीर की नजर उस पर पड़ी, तो वे उसके पीछे लग गए। पुलिस को पीछे देखकर नरेंद्र ने एक्टिवा मुरार की तरफ मोड़ दी। उसे भागते देखकर पुलिस ने मुरार थाना पुलिस को अलर्ट किया, तो मुरार थाने से एएसआई भानू प्रताप ने घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया।

#### एक एक्टिवा और बाइक मिली घर पर

पुलिस ने उससे पूछताछ की तो एक बाइक और दो एक्टिवा उसके घर से बरामद हुई है। पुलिस अब उससे पूछताछ में जुटी है। पुलिस अफसरों का मानना है कि उससे और भी चोरी के वाहन मिल सकते हैं।

#### 15 दिन पहले ही जेल से छूटा

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह सबसे ज्यादा एक्टिवा चोरी करना पसंद करता है। चोरी के वाहनों से ही वह चोरी की वारदातों को अंजाम देता है, जिससे पुलिस उसके पास तक नहीं पहुंच पाए।

### महाकाल मंदिर में धनतेरस पर महापूजन

# धनतेरस पर महाकाल में विशेष पूजन, कलेक्टर और एसपी ने किया दुग्ध से अभिषेक

फतवा ➤ ग्वालियर

उज्जैन में दिवाली पर्व की शुरुआत सबसे पहले भगवान महाकाल के आंगन से हुई। 5 दिवसीय त्योहार के पहले दिन मंगलवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने महाकालेश्वर मंदिर में परंपरानुसार धन तेरस की पूजा की। 22 पुजारी-पुरोहितों ने बाबा महाकाल के साथ कुबेर और चांदी के सिक्कों का पूजन-अभिषेक कराया। महाकाल को चांदी का सिक्का अर्पित किया गया।

#### *महाकाल का पंचामृत और रुद्र अभिषेक*

मंदिर के नंदी हॉल में पुरोहित समिति के पुजारियों



ने सुबह करीब 9 बजे वैभव, आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना कर महाकाल की महा पूजा शुरू कराई। यह करीब एक घंटे चली। पुरोहित समिति के सदस्य लोकेश व्यास ने बताया कि जन कल्याण, विश्व कल्याण के लिए गणपति पूजन, महालक्ष्मी पूजन के बाद भगवान महाकाल का पंचामृत और रुद्र अभिषेक पूजन किया जाता है।

देश में सबसे पहले 31 अक्टूबर को महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में दिवाली मनाई जाएगी। इस दिन पुजारी परिवार की महिलाएं बाबा को उबटन लगाएंगी। महाकाल का अद्भुत श्रृंगार होगा। गर्भगृह में अन्न कूट का भोग लगाया जाएगा। शाम को कोटि तीर्थ कुंड में दीप मालाएं सजाई जाएंगी।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने पंचामृत और रुद्र अभिषेक पूजन किया।कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने पंचामृत और रुद्र अभिषेक पूजन किया।

## दीप पर्व की बेला में मुक्ताकाश मंच में 'चौक पुराओ, मंगल गाओ' का यादगार आयोजन



**इन्दौर** । दीपावली की बेला में पार्श्व में जगमगाते गांधी हॉल के खूबसूरत दृश्य के बीच अभिनव कला समाज के मुक्ताकाश मंच में सुरों की महफिल सजी। गीत संगीत के मेले में सुरों का तालमेल मन को छू गया। आयोजन में गीतों की प्रस्तुति जाने-माने गायक कपिल पुरोहित ने दी। गांधी हॉल स्थित अभिनव कला समाज के मुक्ताकाश मंच में रविवार शाम संगीत प्रेमियों के लिए खास रही। दीपावली की मधुर बेला को सुरों से खूबसूरत बनाया गया। मुक्ताकाश मंच के रोमांचक संगीत की महफिल की शुरुआत राम स्तुति से की गई।



न्यूज ब्रीफ

### दीपावली पर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूहों को बाजार शुल्क से छूट

भोपाल । प्रदेश की ग्राम पंचायतों में रेहड़ी पटरी पर व्यवसाय, पथ पर विक्रय करने वाले, छोटे व्यवसायियों, ग्रामीण कारीगरों एवं गरीब महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूहों को दीपावली पर्व पर निर्मित सामग्री के विक्रय के लिये पंचायत क्षेत्रों में लाने तथा विक्रय करने पर बाजार शुल्क से छूट प्रदान की गई है। इसके आदेश भी जारी कर दिए गए है। यह आदेश स्थानीय कौशल एवं उस पर आधारित स्व-रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिये जारी किया गया है ।पंचायत एवं ग्रामीण विकास के आदेश में लेख है कि आदेश दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में 29 अक्टूबर से 11 नवंबर तक प्रभावशील रहेगा। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतें दीपावली के अवसर पर पथ विक्रेताओं तथा आम नागरिकों की सुविधा के लिये बाजारों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्थाएँ तथा शौचालय इत्यादि की आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराएगी।

### भोपाल के भानु की दिवाली में रोशनी लाएं,वोकल फॉर लोकल अपनाएं

भोपाल । भोपाल में जहाँ हर नुक्कड़ पर मेहनत की खुशबू और कड़ी मेहनत की कहानी बसी है, वहीं अशोका गार्डन की 80 फीट रोड पर भानु प्रजापति नाम का एक युवा, अपनी दिवाली में आपके समर्थन की उम्मीद लेकर बैठा है ।भानु भोपाल के कोकता बायपास का निवासी है और अपने परिवार के साथ त्योहारों के समय दुकान लगाकर दिवाली का सामान बेचता है। भानु की उम्र तो कम है, लेकिन उसके सपने बड़े हैं। पढ़ाई में होशियार भानु दिन में स्कूल जाता है और छुट्टियों में अपने माता-पिता के साथ दुकान पर बैठकर उनकी मदद करता है। हर दीये में भानु और उसके माता-पिता की मेहनत झलकती है, जो दिन-रात एक कर ग्राहकों का इंतजार करते हैं ताकि उनकी दिवाली भी उजाले से भर सके। भानु की पिता मिट्टी के दीये एवं अन्य सामान बनाते हैं, जिन्हें सजाने और सुंदर बनाने का काम उसकी माँ करती है। भानु का कहना है, जब लोग हमारे हाथ से बने सामान खरीदते हैं, तो लगता है जैसे हमारे त्यौहार भी रोशन हो गए हों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी प्रदेश वासियों से वोकल फॉर लोकल पहल के तहत भानु और उसके माता-पिता जैसे स्थानीय कारीगरों और विक्रेताओं को समर्थन देने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि वोकल फॉर लोकल का समर्थन केवल स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन देना नहीं है, बल्कि उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाना है। इस दिवाली, जब आप किसी बाजार जाएं तो एक बार भानु और उसके जैसे मेहनती कारीगरों से भी खरीदारी करें। आपके समर्थन से न सिर्फ उनकी दुकान में रौनक आएगी, बल्कि उनकी जिंदगी में भी खुशियों के दिए जल उठेंगे।

विश्व स्ट्रोक दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आज

भोपाल । विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर मंगलवार, 29 अक्टूबर को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, परामर्श एवं जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह सहित विभिन्न पैथोलॉजिकल जांचें निःशुल्क की जाएगी ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि स्ट्रोक दिवस के अवसर पर इस समस्या के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे कि लोग सही समय पर लक्षणों की पहचान, नियमित जांच, भोजन एवं दिनचर्या जैसी आदतों में सुधार कर इस समस्या से बच सके ।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय मध्यप्रदेश में भी शिविर आयोजित किया गया है। इस वर्ष यह दिवस ग्रेटर देन स्ट्रोक एक्टिव चैलेंज की थीम पर आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिलाएंगे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे। साथ ही रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाली रन फॉर यूनिटी इस बार 29 अक्टूबर को आयोजित करने की घोषणा की है ।उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। इस वजह से 29 अक्टूबर को रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने और देश की एकता के मंत्र के साथ ही फिटनेस के मंत्र को भी हर तरफ फैलाने की अपील की है ।राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाली शपथ और रन फॉर यूनिटी के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिलों में भी इन आयोजन को और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। जिन जिलों में विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, वहाँ आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है ।कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी भोपाल निवासियों से रन फॉर यूनिटी में भाग लेकर एकता का संदेश देने की अपील की है।

## सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कराकर देश को वर्तमान स्वरूप प्रदान किया

# सरदार पटेल के उद्दात और विराट व्यक्तित्व को समाज में पुनर्स्थापित कर रही है रन फॉर यूनिटी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

फतवा > भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता, स्वास्थ्य और फिटनेस के संकल्प को दर्शाती रन फॉर यूनिटी की पहल अभूतपूर्व है। स्वतंत्रता के साथ ही सरदार पटेल ने देश के स्वास्थ्य की सर्वाधिक चिंता की। विभिन्न रियासतों द्वारा अपनाए गए विपरीत विचारों के बावजूद दो साल से भी कम समय में रियासतों का विलय कराकर सरदार पटेल ने देश को वर्तमान स्वरूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के उद्दात और विराट व्यक्तित्व को समाज में पुनर्स्थापित करने के लिए देश को रन फॉर यूनिटी का विचार प्रदान किया ।मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत की अखंडता को समर्पित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में तात्या टोपे नगर स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थितजन को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे ऊर्जावान युवाओं को झंडी दिखाकर रवाना किया ।कार्यक्रम में विधायक श्री भगवान दास सबनानी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे ।खेल एवं युवक कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पृथक मत रखने वाले राजे-रजवाड़ों से संघर्ष किया और देश को वर्तमान स्वरूप प्रदान किया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम देश की एकता और अखंडता को कायम रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। सासंद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास और भारतीय सांस्कृतिक परिवेश समृद्ध हो रहा है।

## मुख्यमंत्री का पथ-विक्रेताओं ने बाजार शुल्क से मुक्ति के लिए माना आभार

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुनील और लकी प्रजापति की दुकान से खरीदे दीपक

फतवा > भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए, धनतेरस पर्व पर टी.टी. नगर स्टेडियम के पास मिट्टी के दीपक की दुकान लगाने वाले कारीगर श्री सुनील व लकी प्रजापति तथा श्री बबलू प्रजापति से दीये ख़रीदे और उनकी कुशल क्षेम पूछी। श्री सुनील, श्री लकी व श्री बबलू प्रजापति ने त्यौहारों के दौरान पथ विक्रेताओं को बाजार छूट से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना है।



### प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा अनुरूप वोकल फॉर लोकल को कर रहे प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि धनतेरस से एकादशी तक सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पथ विक्रेताओं से बाजार शुल्क नहीं लिया जाएगा। सभी व्यक्ति आनंद और उत्साह से दीपावली का पर्व मनाएं, राज्य सरकार ने यह निर्णय सभी के आनंद के लिये लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप, इससे वोकल फॉर लोकल को भी प्रोत्साहन मिलेगा ।

### मंत्रालय राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी गयी

*भोपाल । अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। शपथ में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन.मिश्रा, श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला, श्री राघवेन्द्र सिंह, सचिव श्री संजय गोयल, श्री ओ.पी. श्रीवास्तव सहित मंत्रालय, विंध्याचल,सतपुड़ा तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।*

## इंदौर की श्रीमती सरिता-रविन्द्र को किराये के मकान से मिली मुक्ति



**भोपाल।** इंदौर के गौतमपुरा की रहने वाली श्रीमती सरिता रविन्द्र लंबे समय से किराये की मकान में रह रही थी। उनके पति अनाज की खरीद-बिक्री का काम किया करते हैं। वे घर पर ही रहकर सिलाई का काम करती हैं। उनके परिवार की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा मकान के किराये में चला जाता था। उन्होंने बचत की राशि से एक छोटा प्लाट खरीदा। आर्थिक तंगी की वजह से वे पक्का मकान नहीं बना सकी ।सरिता को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी मिली। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का क्रियान्वयन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने योजना का लाभ लेने के लिये फॉर्म से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी की। प्रयासों से उनका प्रकरण मंजूर हो गया। उन्हें ढ़ाई लाख रूपये की सहायता राशि 3 किश्तों में मंजूर हुई। आज उनका पक्के मकान का सपना साकार हो गया है। श्रीमती सरिता बताती हैं कि उन्हें किराये मकान के साथ मकान किराये में खर्च होने वाली राशि से भी मुक्ति मिली है। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। अपने पक्के आवास की जानकारी उन्होंने अपने परिचितों को भी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये वे केन्द्र और राज्य सरकार दोनों का दिल से धन्यवाद देती हैं।

## प्रतियोगिता मे भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली है

# सेंट जोसेफ कान्वेंट ईदगाह हिल्स का बैंड एक बार फिर हुआ विजयी रथ पर सवार

फतवा > भोपाल

सेंट जोसफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स बैंड ग्रुप ने ओल्ड कैम्पियन मैदान पर भोपाल संभाग के अंतर जिला बैंड प्रतियोगिता में ब्रास बैंड बालिका वर्ग का खिताब जीत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली है।



बैंड ग्रुप ने गत दिवस तात्या टोपे स्टेडियम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुए अंतर शालेय बैंड प्रतियोगिता में लगातार अपना विजयी डंका बजाते हुए ब्रास बैंड बालिका केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर संभागीय प्रतियोगिता मे भाग लेने की पात्रता हासिल किया था। उल्लेखनीय है की पूर्व में यिद्यालय का बैंड मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान मे आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में क्रमशः तीसरे व् दूसरे स्थान पर रहा है।

इस सफलता के पीछे विद्यालय के बैंड प्रशिक्षक रसिक नागर पण्डे का सराहनीय योगदान है।

# जलवायु परामर्श में मध्यप्रदेश दिखाएगा अपनी अग्रणी भूमिका

फतवा > भोपाल

जलवायु परिवर्तन के लिये वैश्विक प्रयास-भारत की प्रतिबद्धता में राज्य का योगदान'' विषय पर भोपाल में 28 अक्टूबर 2024 को पहला राज्य-स्तरीय प्री-कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी) परामर्श आयोजित हो रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में प्रातः 10 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रमुख रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख लीडर्स को एक मंच पर लाने का प्रयास है। यह परामर्श अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान (ढ्ढत्रत्रक्क) के तत्वावधान में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद नर्मदा समग्र, पब्लिक एडवोकेसी इनिशिएटिव फॉर राइट्स एंड वैल्यूज़ इन इंडिया और कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट्स सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का भोपाल में आयोजन क्लाइमेट चेंज के क्षेत्र में राज्य द्वारा लिया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परामर्श मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को एक साथ लाने के नवीन दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश वसुधैव कुटुम्बकम के विचार को समाहित करता है- जिसमें सारा विश्व एक परिवार है। के साथ मेल खाता है।

## त्योहारों के समय दुकान लगाकर दिवाली का सामान बेचता है

# भोपाल के भानु की दिवाली में रोशनी लाएं, वोकल फॉर लोकल अपनाएं

फतवा > भोपाल

भोपाल में जहाँ हर नुक्कड़ पर मेहनत की खुशबू और कड़ी मेहनत की कहानी बसी है, वहीं अशोका गार्डन की 80 फीट रोड पर भानु प्रजापति नाम का एक युवा, अपनी दिवाली में आपके समर्थन की उम्मीद लेकर बैठा है। भानु भोपाल के कोकता बायपास का निवासी है और अपने परिवार के साथ त्योहारों के समय दुकान लगाकर दिवाली का सामान बेचता है।

भानु की उम्र तो कम है, लेकिन उसके सपने बड़े हैं। पढ़ाई में होशियार भानु दिन में स्कूल जाता है और छुट्टियों में अपने माता-पिता के साथ दुकान पर बैठकर उनकी मदद करता है। हर दीये में भानु और उसके माता-पिता की मेहनत झलकती है, जो दिन-रात एक कर ग्राहकों का इंतजार करते हैं ताकि उनकी दिवाली भी उजाले से भर सके। भानु की पिता मिट्टी के दीये एवं



अन्य सामान बनाते हैं, जिन्हें सजाने और सुंदर बनाने का काम उसकी माँ करती है। भानु का कहना है, जब लोग हमारे हाथ से बने सामान खरीदते हैं, तो लगता है जैसे हमारे त्यौहार भी रोशन हो गए हों।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी प्रदेश वासियों से वोकल फॉर लोकल पहल के तहत भानु और उसके माता-पिता जैसे स्थानीय कारीगरों और विक्रेताओं को समर्थन देने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि वोकल फॉर लोकल का समर्थन केवल स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन देना नहीं है, बल्कि उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाना है।

इस दिवाली, जब आप किसी बाजार जाएं तो एक बार भानु और उसके जैसे मेहनती कारीगरों से भी खरीदारी करें। आपके समर्थन से न सिर्फ उनकी दुकान में रौनक आएगी, बल्कि उनकी जिंदगी में भी खुशियों के दिए जल उठेंगे।

## अब सांची का नेचुरल नारियल पानी आएगा बाजार में

भोपाल । दूध, दही, श्रीखंड, बृज पेड़ा, केशव पेड़ा, सांची नीर और सांची खीर सहित अन्य उत्पादों के बाद अब सांची दुग्ध संघ अपना नया उत्पाद शुद्ध, नेचुरल और पाश्चुरीकृत सांची नारियल पानी बाजार में लाएगा। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)लखन पटेल 28 अक्टूबर को भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य डेयरी प्लांट में इसकी बिक्री का विधवत शुभारंभ करेंगे। इसे नारियल उत्पादन क्षेत्र तमिलनाडु के पोलाची में 200 एम एल की बोतल में पैक कराया जाएगा। इसका बाजार मूल्य 50 रूपये प्रति बोतल रहेगा। सांची दुग्ध संघ की यह बड़ी उपलब्धि होगी, क्योंकि अभी तक किसी भी दुग्ध सहकारी संघ ने पैक बोतल में नारियल पानी उपलब्ध नहीं कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पशुपालन मंत्रीलखन पटेल के नेतृत्व में सांची दुग्ध संघ निरंतर तरक्की कर रहा है। कुछ वर्ष पहले तक 04 से 06 उत्पादों तक सीमित रहने वाला दुग्ध संघ अब 25 तरह के अपने उत्पाद बाजार में उपलब्ध करवा रहा है। इससे सांची पार्लर संचालकों की आय में वृद्धि हुई है और स्थान-स्थान पर स्मार्ट सांची पार्लर लगाए जा रहे हैं। भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारीआर.पी. तिवारी ने बताया कि शुद्धता ही सांची की पहचान है। शुद्ध नारियल पानी उपलब्ध करवाना है।

ईएमएस/ 27 अक्टूबर 2024

न्यूज ब्रीफ



(कोरबा) जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं


* आवेदन का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार निराकरण के दिए निर्देश

* मुआवजा, मानदेय, भूमि संबंधी विवाद जैसे समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन हुए प्राप्त

कोरबा (ईएमएस) कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में बिजली कटौती की समस्या, मानदेय, मुआवजा, अतिक्रमण हटाने, वनाधिकार पट्टा, भूमि संबंधी विवाद का निराकरण सहित अन्य समस्याओं के कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर शासन के नियमानुसार समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश नाग, खाद्य, शिक्षा, कृषि, श्रम, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### अपर कलेक्टर ने किया राज्योत्सव स्थल का निरीक्षण

कोरबा । राज्य शासन के निर्देशानुसार कोरबा जिले में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन एवं विभागीय स्टालों की तैयारी के संबंध में कलेक्टर के दिशा-निर्देशन में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने अधिकारियों की बैठक ली और कार्यक्रम स्थल डॉ. भीमराव अम्बेडकर ओपन आडिटोरियम स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्री नाग ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक तैयारी मंच निर्माण, लाईट, साउंड, वेरिकेटिंग, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, कलाकारों के ठहरने, भोजन, आवास, पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह, प्रचार-प्रसार तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कार्यक्रम स्थल में पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के पश्चात अपर कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी के ईई जी.आर. जांगड़े एवं एसडीएम सरोज महिलांगे को कार्यक्रम के तैयारी के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में एंट्री एवं स्टालों के लिए अवलोकन हेतु रूट निर्धारित करने तथा पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट गौतम सिंह, उपायुक्त श्री त्रिवेदी, सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, विद्युत एवं यांत्रिकी से सीमा साहू आदि उपस्थित थे।

### बिलासपुर कोनी में सिम्स के नव निर्मित 200 बिस्तरों वाले मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

# मुख्यमंत्री ने बिलासपुर कोनी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया







फतवा ➤ रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने बिलासपुर कोनी में सिम्स के नव निर्मित 200 बिस्तरों वाले मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कियामुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने बिलासपुर कोनी में सिम्स के नव निर्मित 200 बिस्तरों वाले मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया

## मुख्यमंत्री ने भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए माँगा आरोग्य का वरदान



फतवा ➤ रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के निरोगी एवं सुखमय जीवन की कामना की । उन्होंने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी । इस मौके पर श्री साय ने कहा कि समृद्धि व ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर और आरोग्य के लिए भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व सभी के लिए सुख-समृद्धि लेकर आए और भगवान धन्वंतरि सभी को आरोग्य प्रदान करें।

## ग्राम चीतापाली बरभौना नाला किनारे जंगल में थाना उरगा पुलिस द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब पर थाना उरगा पुलिस द्वारा की गयी सख्त कार्यवाही

कोरबा ।कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिध्दार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यु.बी.एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ, सट्टा, आबकारी एवं नारकोटिक्स एक्ट की सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के परिपालन में 27 अक्टूबर को मुखबीर सुचना मिली कि ग्राम चीतापाली बरभौना नाला किनारे जंगल में अवैध रूप से भारी मात्रा में महुआ शराब ब्रिकी हेतु बनाई जा रही हैं। उक्त सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गयी, जहां शराब बनाने वाले व्यक्ति पुलिस को देखकर नाला पार कर जंगल की ओर भाग गये। मौके से भारी मात्रा में 735 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लेकर एवं शराब बनाने वाला यंत्र व बर्तन तथा भारी मात्रा में महुआ पास को मौके पर ही नष्ट किया गया। अज्ञात कथित आरोपियों के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए राजधानी वासियों के साथ लगाई एकता दौड़

**कहा : सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है रन फॉर यूनिटी**

### मुख्यमंत्री ने एकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

फतवा ➤ रायपुर



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में राजधानी वासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री श्री राम विचार नेताम, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्री टंकराम वर्मा, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी एकता दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। श्री साय ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री राम विचार नेताम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता अखंडता को बनाये रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देता है। सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर आगे बढ़े। गौरतलब है कि इस वर्ष दीपावली के उत्सव को देखते हुए 29 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

**हाथों में पैसा होने से खरीद पाएंगी जरूरी सामान**

# इस दिवाली, गरीब महिलाओं के हाथ नहीं रहेंगे खाली

### खुशियों में नहीं लगेगा ग्रहण, घर पर बना पाएंगी व्यंजन

फतवा ➤ रायपुर

इस दिवाली, गरीब महिलाओं के हाथ नहीं रहेंगे खालीवनांचल के बसाहट में रहने वाली पहाड़ी कोरवा दशरी बाई हो या फिर कोरबा जिले से लगभग 120 किलोमीटर दूर अन्तिम छोर के गाँव डोकरमना की कामता बाई...इन सभी को याद है कि आज से एक साल पहले ऐसी कई दीवाली सहित त्यौहार आई..लेकिन इन त्योहारों की खुशियों में अक्सर गरीबी का ग्रहण ऐसा लग जाता था कि वे चाहकर भी खुशियों के मौके पर खुश नहीं हो पाती थीं। हाथों में पैसा नहीं होने से वे न तो अपनी पसंद की जरूरी सामग्री खरीद पाती थी और न ही घर पर कोई



पसन्द का व्यंजन बना पाती थीं। अब जबकि महतारी वंदन योजना से खाते में हर महीने एक-एक हजार रुपए जमा हो रहे हैं तो इन गरीब महिलाओं को त्यौहार जैसे खास अवसरों में मुस्कुराने के साथ ही खुद का और रिश्तेदारों के मुंह मीठा करने का मौका मिल गया है।महतारी वंदन योजना में नाम जुड़ने के पश्चात हर महीने एक-एक हजार रुपए अपने खाते में प्राप्त करने वाली पहाड़ी कोरवा दशरी बाई की जिंदगी बहुत ही चुनौतियों तथा संघर्ष के बीच घिरी हुई है। घने जंगल में बसाहट में रहने वाली दशरी बाई के पास आमदनी का कोई साधन नहीं है। वह कुछ खास सीजन में कुछ रुपये वनोपज संग्रहण से जोड़ पाती है, इस बीच जिंदगी बहुत ही मुफलिसी से कटती है। उसके लिए घर का जरूरी सामान व राशन के इंतेजाम से और कुछ होता ही नहीं है। वह बताती है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एक-एक हजार रुपए जो खाते में भेजा है वह उनके लिए बहुत ही काम आती है। राशन से जुड़े सामान खरीदने के साथ ही अपनी जरूरतों के सामग्री खरीद लेती है। उन्होंने बताया कि पति पण्डाराम को कभी-कभी काम मिलता है तो करते हैं। दशरी बाई ने बताया कि आने वाले दिनों में त्यौहार है। महतारी वंदन योजना से मिली राशि उसके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इससे पहले कई त्यौहार खाली हाथ बीता है। इस बार इस राशि से कुछ न कुछ व्यंजन घर पर जरूर बनाएगी। कोरबा ब्लॉक के अन्तिम छोर के ग्राम डोकरमना की कामता बाई को भी हर महीने एक हजार मिलता है। उन्होंने बताया कि गाँव में मजदूरी मिलना आसान नहीं है। एक हजार रुपये गाँव की महिलाओं के लिए एक बड़ी राशि होती है। यह राशि मेरे खाते में आ गई है और इस पैसे का सदुपयोग इस त्यौहार में होगा। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत अन्तिम छोर के ग्राम पतुरियाडाँड़ की पिंकी पैकरा, रामबाई बताती है कि हर महीने उनके खाते में पैसा आ जाता है। उनके लिए महतारी वंदन की राशि उनके संघर्षमय जीवन को राहत पहुचाने वाला जैसा है। वृद्धा रामबाई ने बताया कि खाते में पैसा आने का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है।

## मिशन लाइफ के लिए इको क्लब पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रकृति दर्शन का आयोजन

दुर्ग। बी-आर जे. शासकीय आदर्श कन्या शाला दुर्ग में 07 जुलाई को शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत 'मिशन फॉर लाइफ इको क्लब दिवस का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया. इस आयोजन में समुदाय की सहभागिता निर्धारित करने के उद्देश्य से बालिकाओं के माता पिता को भी आमंत्रित किया गया. एक पेड़ माँ के नाम' जो माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है, में माताओं के द्वारा विद्यालय परिसर में हरसिंगार के पौधों की आरोपण किया गया. पालकों के द्वारा अति उत्साह से शिक्षकों व छात्राओं के साथ वृक्षारोपण किया गया. साथ ही समाज के बुजुर्गों के द्वारा छात्राओं को विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई.यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों के द्वारा रा पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली गई तथा प्रकृति को हरा भरा रखने की जिम्मेदारी लेने एवं प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए स्वयं के साथ साथ समाज को भी जागरुक करने का बीड़ा उठाने की शपथ ली गई.छात्राओं को स्वच्छ रहने, समय पर शाला आने, बाल, नाखून आदि को स्वच्छ बैठक में प्राचार्य डॉ श्रीमती कृष्णा अग्रवाल द्वारा दी गई ।

## 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा जुडा सकेंगे मतदाता सूची में नाम

# मतदाता सूची का हुआ प्रारूप प्रकाशन




**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिये विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुडी गतिविधियों के तय कार्यक्रम के अनुसार एग्जाई प्रारूप में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन मंगलवारए 29 अक्टूबर 2024 को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया तथा मतदाता सूची वितरित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि दावे.आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्राप्त की जायेंगी। पुनरीक्षण के संबंध में 9 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे। प्राप्त दावे.आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। एक जनवरी 2025 तक मतदाता सूची के डाटाबेस को अपडेट कर परिशिष्टों का मुद्रण किया जायेगा। इसके बाद 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। एक जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने करें आवेदन जो युवा 01 जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैंए वे मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। नये मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड स्पीड पोस्ट के जरिये आसानी से उनके घर तक पहुंच जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए ऑनलाइन और ऑफ्लाइन दोनों प्रकार की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की गई हैं। ऑनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप और दध् के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफ्लाइन आवेदन के लिए बूथ लेवल ऑफ्सिर ;बीएलओद्ध से संपर्क किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम जुडवाने के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका या जानकारी के लिये निर्वाचन हेल्पलाईन के टोल फ्री नंण. 1950 में कार्यालयीन समय पर कॉल करके समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने दीपावली त्यौहार के अवसर पर विस्फोटक पदार्थ के क्रय.विक्रय हेतु अस्थाई दुकान लगाने किया जगह आवंटित

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने दीपावली त्यौहार के अवसर पर आम लोगों के उपयोग के लिए विस्फोटक पदार्थ आतिशबाजी के क्रय विक्रय हेतु अनुभाग कोतमा तथा अनुभाग जैतहरी अंतर्गत निर्धारित स्थल पर पटाखे का अस्थाई शेड में दुकानों के लिए जगह आवंटित किया है। अनुभाग कोतमा अंतर्गत ग्राम निगवानी प्रांगण के पास खसरा क्रमांक 400ध्1ध्1 रकबा 0ण्841 हेक्टेयर के अंश भाग 0ण्225 हेक्टेयरए ग्राम कोठी में हाईस्कूल के सामने खाली मैदान में खसरा क्रमांक 836ध्1 रकबा 3ण्623 हेक्टेयर के अंश भाग 0ण्202 हेक्टेयरए ग्राम बरतराई के खसरा क्रमांक 539ध्1ध्1ध्2 रकबा 0ण्010 हेक्टेयर तथा ग्राम फुलकोना के फुलवारीटोला मेन रोड के मैदान में खसरा क्रमांक 1268ध्2 रकबा 3ण्999 हेक्टेयर के अंश भाग 0ण्202 हेक्टेयर में जगह आवंटित किया गया है। इसी प्रकार अनुभाग जैतहरी के मिनी स्टेडियम जैतहरी के खुले मैदान में खसरा क्रमांक 1848ध्1 रकबा 1ण्781 हेक्टेयर में जगह आवंटित किया गया है।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत जिले के 81960 किसानो को 16ण्39 करोड राशि अंतरित

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक. विधायक अनूपपुर



**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। हमारी सरकार किसानों के जीवन को बदलने के लिए अनेक सकारात्मक कदम उठा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव द्वारा देश एवं प्रदेश में नए आयाम स्थापित करने के लिए दिन.रात कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा एक घोषणा की गई हैए जो अत्यंत सराहनीय है। जिसके अंतर्गत अब 70 साल की वृद्धजनों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा तथा उन्हें भी 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह मंगलवार को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मंदसौर जि़ले में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं किसानों द्वारा देखा एवं सुना गया। मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव द्वारा जिले के मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 10वीं किस्त सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले के 81960 किसानों के खाते में 16ण्39 करोड रुपए हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोलीएविन्ध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री रामदास पुरीए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् एण्केण् अवधियाए अधीक्षक भू.अभिलेख श्री प्रदीप मोगरेए जनप्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंहए सत्यनारायण पुक्कु सोनीए सिद्धार्थ सिंहए दुर्गा पटेल सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान बन्धु उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में 37 आवेदकों ने जिपंण् सीईओ को बताई अपनी समस्याएं




### जिपंण् सीईओ ने जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 37 आवेदकों ने अपने आवेदन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेयए सहायक कलेक्टर एवं एसडीएम अनूपपुर महिपाल सिंह गुर्जरए नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में तहसील पुष्पराजगड के ग्राम अमगवां निवासी गया सिंह ने भू.अभिलेख रिकार्ड की जांच कराए जानेए तहसील पुष्पराजगड के ग्राम बरटोला निवासी वंशलाल पनिका ने पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही करनेए जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत कोलमी निवासी अनिल कुमार मिश्रा ने कोलमी ग्राम पंचायत के वार्ड नंण् 09 में नाली निर्माण कार्य में की गई वित्तीय अनियमितता के संबंध मेंए तहसील जैतहरी के ग्राम खोलाडी निवासी राजबहोर ने वनाधिकार के तहत प्रदाय पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा कृषि कार्य में अवरोध उत्पन्न किए जानेए तहसील अनूपपुर के ग्राम बम्हनी निवासी बत्तू बैगा ने संबल कार्ड के तहत अनुदान राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

### यूनियन मान्यता चुनाव में ।त्ज्ञै सन्युक्त मोर्चा मैदान में



**बिजुरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यूनियन मान्यता चुनाव में अखंड रेलवे कर्मचारी संघ ;त्ज्ञैद्धए ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशनए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रैकमैन एसोसिएशन व ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल सन्युक्त मोर्चे के रूप में चुनाव ल? रहा है। दिनांक 28ण्10ण्2024 को बिलासपुर में सन्युक्त मोर्चा घटक दलों की बैठक हुई जिसमें 25 सदस्यीय जोनल संचालक मंडल का गठन हुआए जिसका संयोजक श्री एचण्एसण् भदौरिया को बनाया गया तथा पदाधिकारी चयन के मापदंड निश्चित किये गए। जिसमे केवल सेवारत रेलकर्मीए पारदर्शी व स्वच्छ छवि अनिवार्य है। ।त्ज्ञैए स्।्थ् ;अमरीक सिंहद्ध से सम्बद्ध है व पुरानी पेंशन योजना लागू कराने राष्ट्रव्यापी आंदोलन ;छडव्च्द्ध के नेता विजय बन्धु का समर्थन प्राप्त है। बैठक में एचण्एसण् भदौरिया;संयोजकद्धए संदीप तिवारीए तारकेश्वर नाथए व्ही के तिवारीए राजेन्द्र कौशिकए संजय गुप्ताए डीण् विश्वासए शिव ओरांवए आलोक कुमारए शुभम उपाध्यए मणिशंकर कौशिकए घनश्याम कर्षए शिव यादवए एमण्एसण्रावए इत्यादि उपस्थित थे।

# अदाणी फाउंडेशन-एसीसी लामाटोला कोल ब्लॉक व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किशोरी स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ संपन्न

### ऐसे समय में बालिकाएं संकोच न करें और सारी बातें अपनी मां से खुलकर करें



**अनूपपुर।** अदाणी फाउंडेशन–एसीसी लामाटोला कोल ब्लॉक व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम लामाटोला शासकीय हाई स्कूल के छात्राओं के लिये %किशोरी स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरूकता% का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीता सिंह , श्री संदीप सिंह बघेल, श्री रघुवंश नागेश तथा डॉ.सिद्दीकी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता व विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

मां से इस विषय पर खुलकर करे चर्चा – अदाणी फाउंडेशन–एसीसी लामाटोला कोल ब्लॉक व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किशोरी स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में चर्चा के दौरान बताया गया कि जब बच्चियां बाल्यावस्था से किशोरावस्था में प्रवेश करती हैं, तो यह समय उनके लिए बेहद अहम रहता है। हार्मोनल चेंजेस के कारण वे महत्वपूर्ण शारीरिक बदलाव के दौर से गुजरती हैं। जिसका सीधा असर उनके कोमल मन पर पड़ता है। माहवारी शुरू होने पर अधिकांश बच्चियां संकोच के कारण मां से इस विषय पर खुलकर चर्चा नहीं करती हैं। जबकि उन्हें यह पता नहीं होता है कि इस दौरान वे क्या सावधानी बरतें, क्या करें और क्या न करें। ऐसे समय में बालिकाएं संकोच न करें और सारी बातें अपनी मां से खुलकर करें, साथ ही मां भी बेटियों की सहेलियां बनें।

छात्राओं को किया गया जागरूक – कार्यक्रम में छात्राओं के स्वास्थ्य संबधी समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अनुभव साझा करते हुए बताया गया का रजोस्राव के दौरान किशोरियों को स्वच्छता व साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान सफाई पर ध्यान नहीं देने के कारण यूट्रस में कई संक्रामक बीमारियों का शिकार होने का खतरा बना रहता है। अतएव इससे बचाव जरूरी है। मासिक धर्म के समय गंदा कपड़ा का इस्तेमाल कदापि नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया साथ ही देखभाल संबधी अन्य जानकारी भी प्रदान किया गया ।



# पुष्पराजगढ़ विधायक का कांग्रेस प्रदेश महासचिव बनने पर अनूपपुर पहुंचने पर हुआ स्वागत

**अनूपपुर।** विगत दिनों प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित हुई जिसमे पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिंह को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया जैसे ही खबर अनूपपुर जिले मे फैली कांग्रेसीयों मे खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। आज विधायक फुन्देलाल सिंह अनूपपुर स्टेशन पहुंचने पर कांग्रेस जिलाध्य क्ष रमेश सिंहए पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल सहित जिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस सेवादल इंटक जिलाध्यक्ष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों कि संख्या मे नवनियुक्त प्रदेश महासचिव का भव्य स्वागत किया। रैली में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां उपस्थित जनो ने अंगवस्त्र भेंटकर तथा वरिष्ठनो ने भारतीय संविधान कि छायाप्रति भेंट कर व अपने उद्बोधन विचारों से नवनियुक्त प्रदेश महासचिव फुन्देलाल सिंह सत्कार किया। फुन्देलाल सिंह ने कहा मै जो कुछ भी हूं उसमे मां नर्मदा कि कृपा पुष्परागढ वासियों का आशीर्वाद और आप सबके साथ का नतीजा है अपने क्षेत्र जिले सहित प्रदेश व देशभर मे कांग्रेस को मजबूत करने मे जी जान लगा दूंगा जिसमे आप सबकी भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह आभार व्यक्त किया।

# रन फार यूनिटी को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डीए कलेक्ट्रेट परिसर से सामतपुर तिराहा तक हुआ दौड का आयोजन

### राष्ट्रीय एकता की कलेक्टर ने दिलाई शपथ




**अनूपपुर।** भारत के पूर्व गृह मंत्री लौह पुरुष स्वण् सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म तिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के परिप्रेक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर से सामतपुर तिराहा तक रन फार यूनिटी दौड का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्माए संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाईए उन्होंने मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकताए अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं की शपथ पडीए जिसे उपस्थित जनों ने दोहराया। इस अवसर पर रन फार यूनिटी को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रन फार यूनिटी में कलेक्टर हर्षल पंचोलीए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्माए विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष श्री रामदास पुरीए संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेयए अधीक्षक भू.अभिलेख प्रदीप मोगरेए शासकीय कन्या उण्माण्विण् के प्राचार्य डॉण् कौशलेन्द्र सिंहए जनजातीय कार्य विभाग के जिला क्रीडा प्रभारी श्री खलील कुरैशीए शैलेंद्र सिंह सहित विद्यार्थियोंए शासकीय सेवकों आदि ने सहभागिता की।

# दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम अकुआ में कोतवाली पुलिस अनूपपुर ने जरूरतमंदों में किया मिष्ठानए फल पूजन सामग्री एवं फुलझडी वितरण




**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में दीपावली पर्व पर जहां एक ओर जिले के सभी थाना क्षेत्र के बाजारों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था की जा रही है वहीं दूसरी ओर जिले के समस्त थानों की पुलिस ने अपने.अपने थाना क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच में जाकर दीपावली पर मिष्ठान आदि का वितरण कर हर घर दिवाली कार्यक्रम मनाया है। इसी क्रम में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा मंगलवार को धनतेरस के अवसर पर थाना कोतवाली अनूपपुर अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ियों की गोद में बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम अकुआ में करीब 150 जरूरतमंद बच्चों महिलाओं एवं बुजुर्गों को दीपावली पर्व पर मिष्ठानए फल ए पूजन सामग्री एवं फुलझडी वितरण किया जाकर दीपावली पर्व मनाया गया। टीण् आई कोतवाली अरविंद जैनए महिला उप निरीक्षक सरिता लकड़ा ए सहायक उप निरीक्षक सुखीनंदन यादव ए प्रधान आरक्षक शेख रशीद ए प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंहए आरक्षक प्रकाश तिवारी के द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत अमरकंटक रोड पर दूरस्थ पहाड़ियों की गोद में बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम अकुआ में पहुंचकर बच्चोंए महिलाओं एवं बुजुर्ग लोगों के बीच मिष्ठानए फलए पूजन सामग्री एवं फुलझडी आदि का वितरण कर वर्दी के साथ हमदर्दी को चरितार्थ किया गया।


























































स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिंग म. ने 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल, मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। **संपादक**-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनुपपुर होगा। मो. 9893798715